14.51 hrs. **(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)**

Title: Need for construction of a road over-bridge between Khagaria and Home-guard Fandi near Khagaria railway station in Bihar.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : महोदय, खगड़िया रेलवे स्टेशन के पूर्वी ढाला से सटे एन.एच.-31 स्थित खगड़िया एवं होम गार्ड फांड़ी के बीच रोड ओवरब्रिज के निर्माण की नितान्त आवश्यकता है। इस स्थल के नजदीक सदर अस्पताल, बैंक, जेल महाविद्यालय, अनुमंडल कार्यालय, डी.ए.वी. स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, मंडल दूरसंचार कार्यालय, समाहरणालय तथा कई रिहायशी इलाके हैं। यहां दिन में करीब 40 जोड़ी रेल गाड़ियों के चलने से बार-बार फाटक बंद हो जाता है, जिससे ढाला के दोनों तरफ गाड़ियों का ताता लग जाता है। इससे यातायात में आम लोगों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त स्थल पर रोड ओवरब्रिज बन जाने से इन परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

अत: मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से उपरोक्त स्थल पर रोड ओवरब्रिज निर्माण की मांग करती हूं।